Opening of Central Institutions on the lines of AIIMS

666. SHRI KAHNU CHARAN LENKA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to open Central Institutions on the lines of the All India Institute of Medical Sciences in backward areas to mitigate the hardship of poor citizens who are in woeful condition due to over crowding in AIIMS; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): (a) and (b). Keeping in view the fadt that only a few institutions, like: the All India Institute of Medical Sciences and PGIMER, Chandigarh are providing Specialised Treatment Facilities for certain diseases, the Govt. of India are contemplating the upgradation of atleast five medical institutions in different regions of the country to provide for Specialised treatment facilities so that the patients need not go to lonng distances for trelatment. In this context a Committee has been set up by the Government to consider he possibility of upgrading some super specialities in the medical college at Bhubaneshwar, Orissa. The Committee has been asked to submit a report in three months time. A provision of Rs. 100 lakhs has been proposed for upgradation of one such institution during the year 1990-91.

विश्वायतन योगाश्रम को अनुदान दिया जाना

667. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आम आदमी के लिए स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों में तेजी लाने के लिए विगत कुछ वर्षों के दौरान भूमि की खरीद और भवन-निर्माण के लिए विश्वायतन योगाश्रम को धनराशि आबंटित की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो उक्त संस्थान को अब तक कुल कितनी राशि किन-किन तिथियों को प्रदान की गई है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त भूमि का इस्तेमाल स्वास्थ्य की देखरेख संबंधी कार्यक्रमों के बजाय विमान की हवाई पट्टी के रूप में किया जा रहा है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि संस्थान द्वारा उक्त भूमि को किसी अन्य प्रयोजन के लिए किराए पर दिया गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त संस्थान के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई है ?

ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान): (क) से (ङ) विश्वायतनयोगाश्रम एक निजी सोसाइटी है । इस आश्रम के प्रबन्धक न्यासी द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने विश्वायतन योगाश्रम की भूमि की खरीद और इमारत के निर्माण के लिये 2,21,410/ रु० की राशि रिलीज की थी जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

दिनांक	राशि
1-6-59	50,000/- रु०
19-8-61	62,000/- रु०
11-3-68	30,000/- रु०
19-3-71	29,410/- रु०

उन्होंने यह भी सूचित किया है कि कटरा में विश्वायतन योगाश्रम के मध्य में हेलीकोप्टरों और छोटे हवाई जहाजों की उड़ान और उतरने के लिए एक हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है, लेकिन